web Ñ www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, शनिवार 03 अगस्त 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक- 302

# देशभर के डॉक्टर तीसरे दिन भी हड़ताल पर, मरीज परेशान

**» एनएमसी बिल**

नईदिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) विधेयक के विरोध में तीसरे दिन भी डाक्टर हड़ताल पर रहे। डॉक्टरों के विरोध के बीच गुरुवार को नरेंद्र मोदी सरकार ने राज्यसभा में एनएमसी बिल को पास करा दिया, जबकि 29 जुलाई को लोकसभा में यह बिल पास हो गया था। पूरे देश के डॉक्टर इस बिल के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। राजधानी के करीब 50 से ज्यादा सरकारी अस्पतालों में हड़ताल होने के कारण मरीजों को इलाज के लिए दिनभर भटकना पड़ा।



हड़ताल की वजह से लगभग सात हजार छोटे-बड़े ऑपरेशन टालने पड़ गए। वहीं करीब 80 हजार से ज्यादा मरीजों को उपचार नहीं मिल सका। दिल्ली एम्स, सफदरजंग, आरएमएल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज के साथ साथ दिल्ली सरकार और नगर निगम के अस्पतालों में हुई हड़ताल में करीब 20 हजार रेजिडेंट डॉक्टर शामिल हुए। कई मरीज ऐसे भी थे जो सुबह से एंबुलेंस में एक से दूसरे और फिर तीसरे अस्पताल इलाज के लिए पहुंचे, लेकिन हर जगह से उन्हें रेफर ही किया गया। डॉक्टरों के हड़ताल के चलते स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से बंद पड़ी हैं।

इसका खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। हड़ताल की वजह से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया (एमसीआई) की जगह नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) बिल को मोदी सरकार राज्यसभा में भी पास कराने में कामयाब रही। वहीं इस बिल के खिलाफ देशभर में डॉक्टर सड़कों पर उतर आए और गुरुवार को अधिकांश डॉक्टर हड़ताल पर रहे।

इस मामले पर केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने डॉक्टरों से हड़ताल पर न जाने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि यह बिल डॉक्टरों के हित में है। इससे पहले एमसीआई के पास एडमिशन, मेडिकल शिक्षा, डॉक्टरों की रजिस्ट्रेशन से जुड़े काम होते थे, लेकिन अब इस बिल के पास होने के बाद यह सारा काम एनएमसी के पास चला जाएगा। इस तरह से एमसीआई की जगह नेशनल मेडिकल कमीशन ले लेगा।

## शोपियां में मुठभेड़, 1 जवान शहीद

**» सेना ने 3 आतंकियों को घेरा**



श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू कश्मीर के शोपियां जिले में गुरुवार देर रात आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। इस मुठभेड़ में एक जवान शहीद हो गया है। बताया जा रहा है कि सेना की 34आरआर, एसओजी और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने शोपियां के पंडुशन इलाके में घेरा और तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों के मुताबिक इस दौरान सुरक्षा बलों ने इलाके में 2 से 3 आतंकियों को घेर लिया है। इस दौरान सुरक्षाबलों पर आतंकियों ने खुद को घिरा देख फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद सेना, सीआरपीएफ और एसओजी की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर ली। सैन्य सूत्रों की माने तो इस मुठभेड़ में सेना का एक जवान शहीद हो गया।

मौके पर दो से तीन आतंकी मौजूद हैं और लगातार दोनों तरफ से फायरिंग जारी है। बुधवार को शोपियां के बधरहामा क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस दौरान आतंकी घटनास्थल से फरार हो गए थे। माना जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने उन्हें आतंकियों को दोबारा शोपियां के पांडुस्सन इलाके में घेरा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### दो बच्चों के साथ मेट्रो के आगे कूदने जा रही थी महिला, बेटे की सुझबुझ से बची जान

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली में मेट्रो ट्रैक पर महिला के आत्महत्या की कोशिश का मामला सामने आया है। गुरवार को इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर सुबह 11 बजे एक महिला अपने 2 बच्चों के साथ खुदकुशी करने के लिए मेट्रो ट्रैक की तरफ बढ़ने लगी। मां की मंशा को भांपकर 10 साल बेटा हाथ छुड़ाकर वहां मौजूद सीआईएसएफ के सुरक्षा गार्ड के पास पहुंचा और उसे इसकी जानकारी दी. मामले की गंभीरता को समझते हुए मौके पर तत्काल पहुंची सीआईएसएफ की टीम ने महिला को पकड़ा और अपने साथ कंट्रोल रूम लेकर आई. पूछताछ में महिला ने बताया कि वो अपने 10 साल के बेटे और 12 साल की बेटी के साथ मेट्रो ट्रेन के आगे कूदकर जान देने जा रही थी. महिला ने सीआईएसएफ को बताया कि उसका पति ऑस्ट्रेलिया में रहकर नौकरी करता है. उसकी गैर-मौजूदगी में उसके मकान मालिक ने उसका यौन शोषण किया है. महिला ने बताया कि इस संबंध में उसने मोती नगर पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत भी दी लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई. जिसके बाद निराश होकर उसने अपनी और बच्चों की जिंदगी खत्म करने का फैसला किया. फिलहाल महिला को दिल्ली मेट्रो रेल पुलिस को सौंप दिया गया है. साथ ही उसके लगाए यौन शोषण के आरोपों की भी जांच की जा रही है.

### जामिया में छात्रसंघ बहाली का मुद्दा लोकसभा में गूंजा

नईदिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय विश्वविद्यालय जामिया मिल्लिया इस्लामिया में कई वर्षों से प्रतिबंधित छात्रसंघ को बहाल करने का मुद्दा शुक्रवार को लोकसभा में उठा। बहुजन समाज पार्टी के कुंअर दानिश अली ने शून्यकाल के दौरान देश के शैक्षिक संस्थानों में छात्रसंघ की बहाली का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि देश के बड़ी संख्या में ऐसे बड़े शैक्षिक संस्थान हैं जहां छात्रसंघ को बहाल नहीं किया गया है। अली ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में चलाये गये असहयोग आंदोलन के दौरान अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ देशभर में कई शैक्षिक संस्थानों का गठन किया गया था उनमें से ही एक जामिया मिल्लिया इस्लामिया है लेकिन बहुत दुर्भाग्य की बात है जामिया में 2005 के बाद से छात्रसंघ की बहाली नहीं हुई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने मामूली हिंसा का बहाना बनाकर पिछले चौदह साल से छात्रसंघ पर प्रतिबंध लगा रखा है।

### अमेरिका ने सीरियाई शरणार्थियों का वीजा 18 महीने बढ़ाया

वाशिंगटन। अमेरिका में रह रहे सीरियाई शरणार्थियों का वीजा 18 महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। सीरियाई शरणार्थियों को अस्थाई संरक्षित स्थिति (टीपीएस) के तहत अमेरिका में रहने के लिए 18 महीने का समय दिया गया है। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग के सचिव केविन मैकलेनन ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। मैकलेनन ने कहा, अमेरिका में करीब सात हजार सीरियाई शरणार्थियों को टीपीएस का लाभ मिलेगा। इसके तहत टीपीएस लाभान्वितों को इसके लिए दोबारा पंजीकरण करना होगा। उसके बाद वो अमेरिका में 31 मार्च 2021 तक रह सकते हैं और काम कर सकते हैं।

### चीनी वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन ,02 अगस्त। अमेरिका ने 300 अरब डॉलर की चीनी वस्तुओं पर एक सितंबर से 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का फैसला किया है। इसके अलावा अमेरिका चीन के साथ व्यापक व्यापारिक समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत जारी रखने के लिए तत्पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरवार को ट्वीट कर यह बात कही। ट्रम्प ने ट्वीट किया, व्यापार समझौते को लेकर बातचीत जारी है और बातचीत के दौरान अमेरिका एक सितंबर से चीन से आयात होने वाले 300 अरब डॉलर की वस्तुओं पर 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाएगा। यह पहले से 250 अरब डॉलर के सामान पर लगने वाले 25 प्रतिशत शुल्क से अधिक है।

## गैस कटर से स्टेट बैंक का एटीएम काटकर लूट ले गए लाखों

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुंडका इलाके में एटीएम लूट की बड़ी वारदात सामने आई है. यहां बदमाशों ने एटीएम को गैस कटर से काटा और फिर उसमें रखा कैश लूट ले गए. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई. हालांकि जब तक बदमाशों तक पहुंचा जाता, आरोपी फरार हो चुके थे.



जानकारी के मुताबिक 30 जुलाई की रात को मुंडका के एक इलाके में लगे एटीएम में कुछ नकाबपोश बदमाश घुस गए. उन्होंने एटीएम की सुरक्षा में तैनात गार्ड को गोली मारने की धमकी देकर बंधक बना लिया. इसके बाद सीसीटीवी कैमरे पर कलर्ड स्प्रे छिड़ककर करीब 45 मिनट तक गैस कटर से एटीएम को काटा.

बदमाश एटीएम में रखे पूरे कैश को लेकर फरार हो गए. बदमाशों के जाने के बाद गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस को दी. फिलहाल पुलिस बैंक अधिकारियों से संपर्क कर लूट की रकम पता लगाने की कोशिश कर रही है. पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और सीसीटीवी फुटेज को खंगालकर आरोपियों को पहचानने की कोशिश की जा रही है.

## पीड़िता का लखनऊ में ही चलेगा इलाज, चाचा तिहाड़ जेल में होंगे शिफ्ट

**» उन्नाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

नईदिल्ली (आरएनएस)। उन्नाव मामले पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता के चाचा को तिहाड़ जेल शिफ्ट करने के आदेश जारी किए और रेप पीड़िता का लखनऊ के अस्पताल से ही इलाज जारी रखने की बात कही। उसे दिल्ली शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

पीड़िता की मां ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि वह अपनी बेटी का उपचार लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज में ही जारी रखना चाहती हैं। वह उसे उपचार के लिए दिल्ली शिफ्ट नहीं करना चाहती। बता दें कि गुरवार को अदालत ने कहा था कि अगर पीड़िता का परिवार चाहे तो उनका इलाज दिल्ली में किया जा सकता है।



उन्नाव कोर्ट ने पीड़िता के चाचा को हत्या के प्रयास मामले में 10 साल की सजा सुनाई है। इस सजा को पीड़िता के चाचा ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है जिसकी सुनवाई 6 अगस्त को होगी। उन्नाव रेप पीड़िता के साथ एक्सीडेंट पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई करते हुए बीते दिन इससे जुड़े सभी मामलों को यूपी से दिल्ली ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर दिन-प्रतिदिन सुनवाई हो और 45 दिन में ट्रॉयल पूरा किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने हादसे मामले पर जांच के लिए सीबीआई को सात दिन में पूरी करने का आदेश दिया।

गौरतलब है कि रविवार 28 जुलाई को उन्नाव रेप पीड़िता के कार का एक्सीडेंट रायबरेली में हो गया था। जिसमें पीड़िता की चाची और मौसी की मौत हो गई है। एक्सीडेंट के चार दिन बाद भी पीड़िता और उसके वकील की हालत गंभीर है।

## कश्मीर घाटी में तैनात किए गए 28 हजार सुरक्षाकर्मी

**» केंद्र सरकार का बड़ा फैसला**

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू- कश्मीर में सुरक्षा बलों की 280 से अधिक कंपनियां तैनात की जा रही हैं। सूत्रों ने कहा कि सुरक्षा बलों को शहर के अतिसंवेदनशील इलाकों तथा घाटी की अन्य जगहों पर तैनात किया जा रहा है। इनमें अधिकतर सीआरपीएफ कर्मी हैं। रिपोर्ट के अनुसार केंद्र सरकार ने कश्मीर में सीएपीएफ की 280 कंपनियां यानी करीब 28 हजार और जवानों की तैनाती का फैसला किया है। सूत्रों ने कहा कि शहर में प्रवेश और बाहर निकलने के सभी रास्तों को केन्द्रीय सशस्त्र अर्धसैनिक बलों को सौंप दिया गया है।



स्थानीय पुलिस की महज प्रतीकात्मक उपस्थिति है। अधिकारियों ने कहा कि कुछ छिटपुट धर्मस्थलों से सुरक्षा हटा ली गई है क्योंकि खुफिया जानकारी मिली थी कि विदेशी आतंकवादी वहां पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में पहले ही ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा कर दी गई है और वे बृहस्पतिवार से दस दिन तक के लिये बंद रहेंगे। उन्होंने कहा कि अमरनाथ यात्रा के लिये कुछ लंगरों को भी बंद कर दिया गया है। स्थानीय निवासी घबराए हुए हैं और उन्होंने कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के मद्देनजर जरूरी सामान खरीदना शुरू कर दिया है।

माना जा रहा है कि भारतीय सेना की लगातार कार्रवाई के बाद आतंकी संगठन को खुद की जमीन हिलती दिख रही है। साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक में मारे गए आतंकियों का बदला लेने के लिए आतंकी घुसपैठ की फिराक में हैं। सर्जिकल स्ट्राइक के बाद से ही पाकिस्तान की सेना भारत के नागरिकों के साथ-साथ रक्षा अधिकारियों और सुरक्षा ठिकानों पर आतंकी हमलों की योजना बना रही है। बता दें कि केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बीते दिनों ही जम्मू कश्मीर में सीआरपीएफ की 50 कंपनियां, बीएसएफ की 10 कंपनियां, सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 30 और आईटीबीपी की 10 कंपनियां तैनात की थी।

## मॉब लिंचिंग को आतंकवाद की श्रेणी में लाने का मामला लोकसभा में उठा

नईदिल्ली (आरएनएस)। मॉब लिंचिंग और हॉनर किलिंग पर कानून बनाने तथा इसके खिलाफ सख्ती से निपटने का मामला शुक्रवार को लोकसभा में उठा और इसे आतंकवाद की श्रेणी में लाने की मांग की गयी।



द्रविड़ मुनेत्र कषगम के डी रवि कुमार ने शून्यकाल के दौरान मॉब लिंचिंग का मुद्दा उठाया और इसे आतंकवाद की श्रेणी में लाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मॉब लिंचिंग और हॉनर किलिंग एक गंभीर विषय है। देश की शांति को भंग करने के लिए जानबूझकर हिंसा का सहारा लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में मॉब लिंचिंग की घटनाओं में इजाफा हुआ है। वर्ष 2016 से अब तक 99 लोगों की मॉब लिंचिंग में हत्या की गयी है। इसके खिलाफ सरकार को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

## विजय माल्या की याचिका पर सुनवाई टली

**» अगली सुनवाई 13 अगस्त को**

नईदिल्ली (आरएनएस)। भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या और उसके परिजनों की सम्पत्ति जब्त किये जाने पर रोक संबंधी याचिका की सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार को होने वाली सुनवाई 13 अगस्त तक मुल्तवी हो गयी।



बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ माल्या की अपील शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ के समक्ष सूचीबद्ध थी, लेकिन माल्या के वकील फाली एस नरीमन की तबीयत ठीक नहीं होने के कारण सुनवाई 13 अगस्त के लिए टाल दी गयी।

मामले की सुनवाई शुरू होते ही माल्या की ओर से पेश एक वकील ने नरीमन की तबीयत खराब होने की बात बतायी और सुनवाई स्थगित करने की मांग की, जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार कर लिया। गत 29 जुलाई को हुई सुनवाई में भी नरीमन ने सुनवाई टालने का आग्रह किया था, जिसके बाद पीठ ने आज तक के लिए सुनवाई मुल्तवी कर दी थी।

गौरतलब है कि माल्या ने अपनी याचिका में संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की है। माल्या को बॉम्बे उच्च न्यायालय से बड़ा झटका लगा था, जिसने शराब कारोबारी की याचिका खारिज कर दी थी।

## पोंपियो की स्पीच से पहले धमाके, दो घायल

बैंकॉक। थाइलैंड की राजधानी बैंकॉक में दो बम धमाके हुए जिसमें दो लोगों के घायल होने की खबर है। दरअसल बैंकॉक में रीजनल समिट में भाग लेने के लिए अमेरिका के विदेश मंत्री माइक पोंपियो भी बैंकॉक पहुंचे हैं। थाइलैंड के प्रधानमंत्री प्रयुत चान-ओ-चा ने कहा इन घटनाओं के बारे में तत्काल जांच करने के आदेश दिए गए हैं। सरकार के प्रवक्ता ने कहा, सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि विचलित न हों। पहला विस्फोट सिटी सेंटर के बाहर हुआ। यहां दो महिलाएं घायल हो गईं। दूसरा धमाका डाउनटाउन में हुआ जहां बिल्डिंग का ग्लास चटक गया। किंग पावर रूफ के महानाकोर्न टावर के पास में बम निरोधी दस्ते को तैनात किया गया है। इसके अलावा शहर के कई हिस्सों में सदिग्ध डिवाइसेज का पता चला है।

## कश्मीर पर बात होगी तो सिर्फ पाकिस्तान से

**» माइक पॉम्पियो से मिले जयशंकर**

बैंकॉक। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तरफ से एक बार फिर कश्मीर में मध्यस्थता की राग पर भारत ने अपनी प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए साफ कर दिया है कि यह सिर्फ भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने ट्वीट करते हुए कहा कि उन्होंने साफतौर पर अपने अमेरिकी समकक्षीय माइक पोम्पियो से सुबह साफ कर दिया कि कश्मीर पर किसी तरह की बातचीत सिर्फ पाकिस्तान के साथ ही होगी। और ये सिर्फ द्विपक्षीय ही होगी।

जयशंकर इस समय थाईलैंड की राजधानी में हैं। वह आसियान-भारत मंत्रिस्तरीय बैठक, नौवें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में विदेश मंत्रियों की बैठक, 26वें आसियान क्षेत्रीय मंच और 10वें मेकोंग गंगा निगम मंत्रिस्तरीय बैठक समेत कई सम्मेलनों में भाग लेने यहां आए हैं। जयशंकर ने बैंकॉक में नौवें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन



विदेश मंत्रियों की बैठक के इतर पॉम्पियो से मुलाकात की। भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर मुद्दे पर मध्यस्थता संबंधी ट्रंप के विवादास्पद बयान के बाद दोनों अधिकारियों की यह पहली आधिकारिक बैठक है।

बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरवार को कहा कि कश्मीर विवाद को सुलझाना भारत और पाकिस्तान पर निर्भर करता है, लेकिन अगर दोनों दक्षिण एशियाई पड़ोसी देश इस दशकों पुराने मुद्दे को सुलझाने में उनकी मदद चाहेंगे तो वह इसके लिए तैयार हैं। ट्रंप पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ पिछले हफ्ते हुई बैठक का हवाला दे रहे थे जिसमें उन्होंने कश्मीर मुद्दे को सुलझाने में मदद की पेशकश की थी।